# 5 सैंपल पेपर

**[Average Concept]**

निर्धारित समय : 3 घंटे] [पूर्णांक : 80

**सामान्य निर्देशः**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिएः

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं– क, ख, ग, घ।
3. खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
4. खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है।
6. खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
7. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

## खंड–'क' (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (7)**

विज्ञान आज के मानव जीवन का अविभाज्य एवं घनिष्ठ अंग बन गया है, मानव जीवन का कोई भी क्षेत्र विज्ञान के अभूतपूर्व आविष्कारों से अछूता नहीं रहा। इसी से आधुनिक युग विज्ञान का युग कहलाता है। आज विज्ञान ने पुरुष और नारी, साहित्यकार और राजनीतिज्ञ, उद्योगपति और कृषक, पूँजीपति और श्रमिक, चिकित्सक और सैनिक, अभियंता और शिक्षक तथा धर्ममय और तत्वज्ञान सभी को और सभी क्षेत्रों में किसी-न-किसी रूप में अपने अप्रतिम प्रदेय से अनुगृहीत किया है। आज समूचा परिवेश विज्ञानमय हो गया है। विज्ञान के चरण गृहिणी के रसोईघर से लेकर बड़ी-बड़ी प्राचीरों वाले भवनों और अट्टालिकाओं में ही दृष्टिगत नहीं होते बल्कि वे स्थल और जल की सीमाओं को लाँघ कर अंतरिक्ष में भी गतिशील है। वस्तुतः, विज्ञान अद्यतन मानव की सबसे बड़ी शक्ति बन गया है, इसके बल से मनुष्य प्रकृति और प्राणी जगत का शिरोमणि बन सका है। विज्ञान के अनुग्रह से वह सभी प्रकार की सुविधाओं और संपदाओं का स्वामित्व प्राप्त कर चुका है। अब वह छह ऋतृओं के प्रकोप से भयभीत नहीं है, विद्युत ने उसे आलोकित किया है, उष्णता और शीतलता दी है, 'बटन दबाकर किसी भी कार्य को संपन्न करने की ताकत भी दी है। मनोरंजन के विभिन्न साधन उसे उपलब्ध हैं, यातायात एवं संचार के साधनों के विकास से समय और स्थान की दूरियाँ बहुत कम हो गई हैं और समूचा विश्व एक परिवार-सा लगने लगा है। कृषि और उद्योग के क्षेत्र में उत्पादन की तीव्र वृद्धि होने के कारण आज दुनिया पहले से अधिक धन-धान्य से संपन्न है। शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में विज्ञान की देन अभिनंदनीय है। विज्ञान के सहयोग से मनुष्य धरती और समुद्र के अन्य रहस्य उजागर करके अब अंतरिक्ष लोक में प्रवेश कर चुका है। सर्वोपरि विज्ञान ने मनुष्य को बौद्धिक विकास प्रदान किया है और वैज्ञानिक चिंतन पद्धति दी है। वैज्ञानिक चिंतन पद्धति से मनुष्य अंधविश्वासों औद रूढ़ि-परंपराओं से मुक्त होकर स्वस्थ एवं संतुलित ढंग से सोच-विचार कर सकता है तथा यथार्थ और सम्यक जीवन जी सकता है। इससे मनुष्य के मन को युगों के अंधविश्वासों, भ्रमपूर्ण और दकियानूसी विचारों, भय और अज्ञानता से मुक्ति मिली है। विज्ञान की यह देन महान है हालाँकि विज्ञान के कुछ नकारात्मक पहलू भी सामने आए हैं। चीन द्वारा कोरोना को जन्म देना,

उत्तर कोरिया के तानाशाह द्वारा बार-बार परमाणु बम गिराने की धमकी देना, तालिबानियों द्वारा अपनाए जाने वाले हथियारों से अफ़गानिस्तान पर क़ब्ज़ा करना क्या यही दिन दिखाने के लिए विज्ञान का जन्म हुआ। मानव को चाहिए कि वे विज्ञान की इस समग्र देन को रचनात्मक कार्यों में सुनियोजित करे ना कि विध्वंसात्मक कार्यों में।

**(*i*) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–** **1**

**कथन (A) :** आज विज्ञान को मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग माना जाता है।

**कारण (R) :** मानव जीवन का कोई भी क्षेत्र विज्ञान के आविष्कारों से अछूता नहीं रहा।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(*ii*) विज्ञान मानव जीवन के लिए वरदान है, क्योंकि– उचित विकल्प का चयन कीजिए।** **1**

1. मनुष्य अंधविश्वासों और रूढ़ि-परंपराओं से मुक्त हुआ।
2. मानव जीवन आरामदायक हुआ।
3. तालिबानियों द्वारा अफ़गानिस्तान पर कब्ज़ा करना आसान हुआ।
4. धरती और समुद्र के रहस्यों को जानना आसान हुआ।

(क) केवल कथन 1 सही है। (ख) कथन 1 और 2 सही हैं।

(ग) कथन 3 और 4 सही हैं। (घ) कथन 1, 2 और 4 सही हैं।

**(*iii*) विज्ञान के चरण गतिशील कहे जा सकते हैं–** **1**

(क) विज्ञान के उत्तरोत्तर विभिन्न दिशाओं में उन्मुख होने के कारण

(ख) विज्ञान की तीव्र गति के कारण

(ग) यातायात के साधन आविष्कृत करने के कारण

(घ) प्रगतिशील विचारधारा के कारण

**(*iv*) विज्ञान अद्यतन मानव की सबसे बड़ी शक्ति है। इस कथन को स्पष्ट करें।** **2**

**(*v*) विज्ञान वरदान के साथ-साथ अभिशाप भी है, कैसे?** **2**

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(7)**

क्या रोकेंगे प्रलय मेघ ये, क्या विद्युत-घन के नर्तन
मुझे न साथी रोक सकेंगे, सागर के गर्जन-तर्जन।
मैं अविराम पथिक अलबेला, रुके न मेरे कभी चरण,
शूलों के बदले फूलों का किया न मैंने मित्र चयन।
मैं विपदाओं में मुसकाता, नव आशा के दीप लिए
फिर मुझको क्या रोक सकेंगे जीवन के उत्थान-पतन,
मैं अटका कब, कब विचलित मैं, सतत डगर मेरी संबल
रोक सकी पगले कब मुझको, यह युग की प्राचीर निबल
आँधी हो, ओले-वर्षा हों, यह सुपरिचित है मेरी,
फिर मुझको क्या डरा सकेंगे, ये जग के खंडन-मंडन।
मुझे डरा पाए कब अंधड़, ज्वालामुखियों के कंपन,
मुझे पथिक कब रोक सके हैं, अग्निशिखाओं के नर्तन।
मैं बढ़ता अविराम निरंतर, तन-मन में उन्माद लिए,
फिर मुझको क्या डरा सकेंगे, ये बादल-विद्युत नर्तन।

**(i) उपर्युक्त काव्यांश में कवि के स्वभाव की विशेषता/विशेषताएँ है/हैं–** **1**

1. गतिशीलता, साहस व संघर्षशीलता
2. सुंदरता का
3. मुस्कराहट की शक्ति का
4. उन्माद का

**विकल्प**

(क) कथन 1 और 2 सही हैं। (ख) कथन 1, 2 और 3 सही हैं।
(ग) कथन 1, 3 और 4 सही है। (घ) कथन 1, 2 और 4 सही हैं।

**(ii) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिएः** **1**

**कथन (A) :** पथिक को प्राकृतिक बाधाएँ नहीं रोक सकतीं।

**कारण (R) :** पथिक साहसी और संघर्षशील है।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(iii) कवि की राह में कौन बाधक नहीं है?** **1**

(क) प्रलय मेघ (ख) विद्युत-घन के नर्तन
(ग) सागर के गर्जन-तर्जन (घ) उन्माद

**(iv) उपर्युक्त काव्यांश में कवि ने किन-किन बाधाओं का उल्लेख किया है?** **2**

**(v) काव्यांश का संदेश अपने शब्दों में लिखिए।** **2**

## खंड–'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(i) मंदिर के विग्रहों को पता नहीं कितनी समझ है, जो रोज बदल-बदलकर मुलतानी, कल्याण, ललित और कभी भैरव रागों को सुनते रहते हैं।– इस वाक्य को संयुक्त में बदलिए।

(ii) हमारे हुड़दंग मचाने के कारण कॉलेज वालों को थर्ड इयर भी खोलना पड़ा।– इस वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए।

(iii) प्रातःकाल होते ही सूरज की किरणें चमक उठीं। – रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए।

(iv) अपने उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ साहब हैं जिनका जन्मस्थान भी डुमराँव है।– आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए।

(v) शहनाई बजाने के लिए रीड का प्रयोग होता है और रीड अंदर से पोली होती हैं। इस वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए।

**4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(i) बिस्मिल्ला खाँ गीताबाली और सुलोचना को ज्यादा याद करते हैं। इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए।

(ii) नेताजी के द्वारा देश के लिए अपना सबकुछ त्याग दिया गया। – उस वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए।

(iii) 'कस्बे के इकलौते हाई स्कूल के इकलौते ड्राइंग मास्टर को यह काम सौंप दिया गया होगा।' इस वाक्य में कौन-सा वाच्य है?

(iv) 'भाववाच्य में किस की प्रधानता होती है?

(v) नवाब साहब ने सतृष्ण आँखों से नमक-मिर्च के संयोग से चमकती खीरे की फाँकों की ओर देखा। – इस वाक्य में कौन-सा वाच्य है?

**5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए–** **(1 × 4 = 4)**

**निम्नलिखित वाक्य के किन्हीं चार रेखांकित अंशों का पद-परिचय लिखिए।**

नमक-मिर्च छिड़क दिए जाने से ताज़े खीरे की पनियाती फाँके देखकर मुँह में पानी खूब आ रहा था लेकिन वे इनकार कर चुके थे।

(*i*) खीरे

(*ii*) पनियाती

(*iii*) मुँह में

(*iv*) खूब

(*v*) लेकिन

**6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए–** **(1 × 4 = 4)**

(*i*) 'ले चला साथ मैं तुझे कनक।
ज्यों भिक्षुक लेकर स्वर्ण-झनक॥'

(*ii*) सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्मकथा?

(*iii*) बाण नहीं पहुँचे शरीर तक, शत्रु गिरे पहले ही भू पर।

(*iv*) आवाज से राख जैसा कुछ गिरता हुआ।

(*v*) कहीं साँस लेते हो, घर-घर भर देत हो।

## खंड–'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

**7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1 × 5 = 5)**

नहीं साब! वो लँगड़ा क्या जाएगा फ़ौज में। पागल है पागल! वो देखो, वो आ रहा है। आप उसी से बात कर लो। फ़ोटो-वोटो छपवा दो उसका कहीं।

हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा। मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए। एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लँगड़ा आदमी सिर पर गांधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक छोटी-सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टँगे बहुत-से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था। तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं! फेरी लगाता है! हालदार साहब चक्कर में पड़ गए। पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं? क्या यही इसका वास्तविक नाम है? लेकिन पानवाले ने साफ़ बता दिया था कि अब वह इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं।

**(*i*) प्रस्तुत गद्यांश में हालदार साहब को किसका मज़ाक उड़या जाना अच्छा नहीं लगा?**

(क) ईमानदार का
(ख) कर्मठ का
(ग) देशभक्त का
(घ) साहसी का

**(*ii*) कैप्टन की विशेषता/विशेषताएँ है/हैं– उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

1. वह देशभक्त था।
2. वह बेहद बूढ़ा था।
3. वह भूतपूर्वक फ़ौजी था।
4. वह लँगड़ा था।

**विकल्प**

(क) केवल कथन 1 सही है।
(ख) कथन 1, 3 और 4 सही हैं।
(ग) कथन 1, 2 और 4 सही है।
(घ) कथन 2, 3 और 4 सही हैं।

**(*iii*) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

**कथन (A) :** कैप्टन को देखकर हालदार साहब चक्कर में पड गए।

**कारण (R) :** कैप्टन का व्यक्तित्व नाम के विपरीत था।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(*iv*) पानवाले ने कैप्टन को किन शब्दों से संबोधित किया?**

(क) देशभक्त व साहसी
(ख) लँगड़ा व पागल
(ग) दयालु व मेहनती
(घ) ईमानदार व सुशील

**(*v*) हालदार साहब पानवाले से क्या जानना चाहते थे? सही विकल्प का चयन कीजिए–**

1. कैप्टन कब से फेरी लगा रहा है?
2. उसकी दुकान कहाँ है?
3. वह कहाँ रहता है?
4. उसे कैप्टन क्यों कहते हैं?

**विकल्प**

(क) कथन 1 और 2 सही हैं।
(ख) कथन 4 सही है।
(ग) कथन 3 और 4 सही हैं।
(घ) कथन 1 और 3 सही हैं।

**8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए– (2 × 3 = 6)**

(क) "ऊपर की तस्वीर से यह नहीं माना जाए कि बालगोबिन भगत साधु थे।" क्या 'साधु' की पहचान पहनावे के आधार पर की जानी चाहिए? आप किन आधारों पर यह सुनिश्चित करेंगे कि अमुक व्यक्ति 'साधु' है?

(ख) लेखिका मन्नू भंडारी के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

(ग) लेखक की दृष्टि में 'सभ्यता' और 'संस्कृति' की सही समझ अब तक क्यों नहीं बन पाई?

(घ) नवाब साहब की किस गतिविधि से लेखक के ज्ञान-चक्षु खुल गए? वह ज्ञान क्या था?

**9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1 × 5 = 5)**

बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले
विद्युत-छवि उर में, कवि, नवजीवन वाले!
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो–
बादल, गरजो–
विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकलजन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन!
तप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दो–
बादल, गरजो!

**(*i*) किसमें असीम ऊर्जा छिपी हुई है?**

1. लोगों में
2. आकाश में
3. बच्चों में
4. बादलों में

**विकल्प**

(क) कथन 4 सही है।
(ख) कथन 1 और 2 सही हैं।
(ग) कथन 2 और 3 सही हैं।
(घ) कथन 3 और 4 सही हैं।

**(*ii*) कवि बादलों को क्या मानते हैं?**

(क) क्रांति दूत (ख) बाल-कल्पना (ग) काले बाल (घ) बरसने वाले

**(*iii*) कवि बादल से किसे घेर लेने के लिए कहता है?**

(क) पृथ्वी को (ख) आकाश को (ग) बच्चों को (घ) काले बालों को

**(*iv*) बादलों की समानता किससे की गई है? सही विकल्प का चयन कीजिए–**

1. बिजली की चमक से
2. वज्र जैसी कठोरता से
3. काले घुँघराले बालों से
4. नूतन कविता से

**विकल्प**

(क) कथन 3 सही है।
(ख) कथन 1 और 2 सही हैं।
(ग) कथन 2 और 3 सही हैं।
(घ) कथन 3 और 4 सही हैं।

**(*v*) कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

**कथन (A) :** बादल के हृदय में असीम ऊर्जा भरी हुई है।

**कारण (R) :** बादल किसी कवि की नयी कविता की तरह है।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिएः** **(2 × 3 = 6)**

(क) आपके पाठ्यक्रम की किस कविता में कवि ने बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर गरजने के लिए कहा है? इस आह्वान का क्या कारण है? अपने शब्दों में लिखिए।
(ख) संगतकार में त्याग की उत्कट भावना भरी है। अपने शब्दों में इस कथन की पुष्टि कीजिए।
(ग) गोपियों को योग किसके समान लगता है? वे उद्धव के योग-संदेश को व्यर्थ क्यों बताती हैं?
(घ) कवि जयशंकर प्रसाद को ऐसा क्यों लगता है कि उनकी आत्मकथा को पढ़कर किसी को भी सुख की अनुभूति नहीं होगी?

**11. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए–** **(4 × 2 = 8)**

(क) उपन्यास अंश में तीस के दशक की ग्राम्य संस्कृति का चित्रण है। आज की ग्रामीण संस्कृति में किस तरह के परिवर्तन दिखाई देते हैं? स्पष्ट कीजिए।
(ख) प्रकृति ने जल-संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है? 'साना-साना हाथ जोड़ि'—पाठ के आधार पर लिखिए।
(ग) क्या बाह्य दबाव केवल लेखन से जुड़े रचनाकारों को ही प्रभावित करते हैं या अन्य क्षेत्रों से जुड़े कलाकारों को भी प्रभावित करते हैं, कैसे? अपने शब्दों में लिखिए।

## खंड–'घ' (रचनात्मक लेखन)

**12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** **(6 × 1 = 6)**

**(क) खेलकूद है आवश्यक**

**संकेत-बिंदु–** • शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य • प्रतिस्पर्धा की भावना • अनुशासन की प्रेरणा

**(ख) लोकतंत्र और चुनाव**

**संकेत-बिंदु–** • लोकतंत्र में लोक का महत्व • जनता की आवाज़, चुने हुए प्रतिनिधि • प्रतिनिधि चुनने से लोकतंत्र की सुरक्षा

**(ग) जहाँ चाह– वहाँ राह**

**संकेत-बिंदु–** • इच्छा-शक्ति से उत्साह और आत्मबल का उदय • सच्ची लगन से कठिन कार्य संभव • संकल्प-शक्ति से बड़ी सफलताएँ

**13. (क)** सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ते हुए धूम्रपान तथा उसके कारण बढ़ते संभावित रोगों की ओर संकेत करते हुऐ किसी दैनिक समाचार—पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **(5 × 1 = 5)**

**अथवा**

**(ख)** आपके छोटे भाई/बहन ने एक आवासीय विद्‌यालय में एक मास पूर्व ही प्रवेश लिया है। उसको मित्रों के चुनाव में सावधानी बरतने के लिए समझाते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**14. (क)** आप मानव/मानवी हैं। आप बी.ए. और डेस्क टॉप पब्लिशिंग प्रोग्राम्स में डिप्लोमा कोर्स कर चुके हैं। अ.ब.स. (प्रा.लि.), दिल्ली को डी.टी.पी. आपरेटर पद के लिए स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में लिखिए। **(5 × 1 = 5)**

**अथवा**

**(ख)** आपने 25 रजिस्टर ऑन लाइन आर्डर किए थे जो एक सप्ताह में पहुँचने चाहिए थे, पर दस दिन बीत जाने पर भी आपको प्राप्त नहीं हुए हैं। इ-कमर्शियल कंपनी को अपना आर्डर रद्‌द करने के लिए लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए।

**15. (क)** प्रदूषण से बचने के लिए जनहित में जारी एक विज्ञापन पर्यावरण विभाग की ओर से लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। **(4 × 1 = 4)**

**अथवा**

**(ख)** भारत के राष्ट्रपति की ओर से देश की जनता को स्वतंत्रता-दिवस के पावन अवसर पर बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए।